DAILY NEWS BULLETIN

LEADING HEALTH, POPULATION AND FAMILY WELFARE STORIES OF THE DAY

Friday 20190809

राष्ट्रीय मेडिकल आयोग बिल

देश में अब डॉक्टर बनना होगा सस्ता, दाखिले की जटिलताएं भी कम होंगी, राष्ट्रपति ने विधेयक को दी मंजूरी (Amar Ujala: 20190809)

https://www.amarujala.com/india-news/it-will-be-cheaper-to-become-a-doctor-in-the-country?pageId=1

केंद्र सरकार का यह फैसला देश में मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा

आयोग के गठन के बाद मेडिकल शिक्षा की फीस कम हो जाएगी

विद्यार्थियों का बोझ कम होगा और ईमानदारी व गुणवत्ता बढ़ेगी

देश में सस्ती और गुणवत्ता युक्त मेडिकल शिक्षा व्यवस्था लाने का रास्ता साफ हो गया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय मेडिकल आयोग बिल को मंजूरी दे दी, बहुत जल्द इसे गजेट में भी अधिसूचित कर दिया जाएगा। बिल को संसद की मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहा, अधिसूचित होने के बाद नियम तैयार किए जाएंगे और अगले छह महीने में राष्ट्रीय मेडिकल आयोग का गठन हो जाएगा।

उन्होंने कहा, केंद्र सरकार का यह फैसला देश में मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा जिसके दूरगामी फायदे होंगे। डॉ. हर्षवर्धन ने कहा, आयोग के गठन के बाद मेडिकल शिक्षा की फीस कम हो जाएगी, विद्यार्थियों का बोझ कम होगा और ईमानदारी व गुणवत्ता बढ़ेगी। मेडिकल में

दाखिले की तमाम जटिलताओं से भी छुटकारा मिलेगा। इसके अलावा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार अधिक लोगों तक होगा। एनएमसी एक व्यापक निकाय होगा, जो मेडिकल शिक्षा के लिए नीतियां बनाएगा और चार स्वायत्त बोर्डों की गतिविधियों का समन्वय करेगा।

विरोध कर रहे डॉक्टरों की सभी दुविधाएं दूर

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि एनएमसी बिल को लेकर देश भर में विरोध कर रहे जूनियर व आवासीय डॉक्टराेंं के मन में अब कोई दुविधा नहीं रह गई है। उन्होंने कहा, मैंने डॉक्टरों से बात कर उनकी सभी शंकाओं को दूर कर दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में एनएमसी अपने लक्ष्य को हासिल करेगा।

आधे से ज्यादा सदस्य राज्यों से होंगे

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कुछ लोगों को आशंका है कि एनएमसी पर केंद्र सरकार का कब्जा होगा, यह पूरी तरह गलत है। डॉ. हर्षवर्धन ने बताया कि अलग अलग राज्यों में स्थित मेडिकल विश्वविद्यालयों से दस उपकुलपतियों और राज्यों की मेडिकल परिषदों से नौ सदस्य एनएमसी के लिए चुने जाएंगे। इस तरह कुल 33 में 19 यानी आधे से भी ज्यादा सदस्य राज्यों से होंगे। शेष 14 सदस्यों को केंद्र चुनेगा जो कि अल्पसंख्यक ही होंगे। डॉ. हर्षवर्धन ने कहा, इस तरह एनएमसी प्रतिनिधित्व वाली, समावेशी और संघीय ढांचे का सम्मान करने वाली संस्था होगी।

यह फायदे होंगे

- एमबीबीएस में दाखिले के लिए पूरे देश में एक परीक्षा होगी

- परास्नातक में दाखिले के लिए एमबीबीएस अंतिम वर्ष के नतीजे आधार होंगे

- विदेश से स्नातक कर आए विद्यार्थियों को पास करनी होगी एग्जिट परीक्षा

- देश भर के सभी मेडिकल संस्थानों की काउंसिलिंग भी एक साथ होगी

- एक साथ अलग-अलग काउंसिलिंग से सीट ब्लॉक होने का संकट खत्म होगा

- अभ्यर्थियों को अलग अलग कॉलेजों में चक्कर काटने से छुटकारा मिलेगा

- विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का शारीरिक और आर्थिक तनाव कम होगा

Medical law will bring down fees, says Harsh Vardhan (The Hindu: 20190809)

https://www.thehindu.com/news/national/medical-law-will-bring-down-fees-says-harsh-vardhan/article28903829.ece

The Minister also sought to dispel an impression about the NMC being dominated by central government nominees. “This is not true.

President Ram Nath Kovind on Thursday approved the National Medical Commission Bill, 2019, paving the way for the establishment of the country’s new regulator of medical education and certification.

“We are happy with the development and are aiming at framing rules and constituting the National Medical Commission in the next six months,” Union Health Minister Harsh Vardhan said, confirming the receipt of Presidential assent for the Bill that had recently won Parliament’s approval.

The Minister described the NMC Act as a ‘progressive’ legislation that would help reduce the burden on students, ensure probity in medical education, bring down costs of medical education, simplify procedures, help to enhance the number of medical seats in India, ensure quality education, and provide wider access to people for quality healthcare.

“It is a game-changing reform of transformational nature. I am sure that under the NMC, medical education in the country will attain its zenith in the years to come,” Dr. Vardhan asserted.

Elaborating on the exit exam, NEXT, Dr. Vardhan said: “Even in the current system, every student has to appear for a final year examination. Under the NMC Act, this final year examination has been converted into a nationwide exit test called NEXT. This single examination will grant a licence to practise medicine, an MBBS degree, and [serve as an] entrance to postgraduate courses.’’

He added that a ‘singular’ feature of the NMC Act is that it provides for the regulation of fees and all other charges in 50% seats in private colleges as well as deemed Universities.

“Nearly 50% of the total MBBS seats in the country are in government colleges, which have nominal fees. Of the remaining seats, 50% would be regulated by NMC. This means that almost 75% of total seats in the country would be available at reasonable fees. It must be stressed again at this point that not only fees, but fees and all other charges are being regulated,’’ he said.

The Minister also elaborated on the provisions relating to Community Health Providers and sought to allay apprehensions voiced by some medical professionals about the NMC Act leading to a dilution in the standards of healthcare services. “Doctors are a scarce resource in

our country and need to be optimally utilised," Dr. Vardhan said. "They are indispensable for secondary and tertiary care; the only area where other health professionals can supplement them is preventive and primary healthcare. We are providing for mid-level health providers," he added.

The Minister also sought to dispel an impression about the NMC being dominated by central government nominees. "This is not true. There will be 10 Vice Chancellors of State Health Universities and 9 elected members of State Medical Councils in the NMC. Thus 19 out of 33 members, which is more than half of the total strength, would be from the States and only a minority of members will be appointed by the central government, thereby ensuring that the NMC is representative, inclusive and respecting the federal structure of Indian polity."

बेटियों की जन्म दर

हरियाणा में पहली बार 918 तक पहुंची बेटियों की जन्म दर, जागी और उम्मीदें (Amar Ujala: 20190809)

https://www.amarujala.com/chandigarh/daughters-birth-rate-reached-918-in-haryana

हरियाणा सरकार का दावा है कि पहली बार प्रदेश में बेटियों की जन्म दर 918 तक पहुंची है। इस प्रकार, वर्ष के अंत तक यह आंकड़ा 920 के ऊपर पहुंचने का है। यह जानकारी मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कार्यक्रम के परियोजना निदेशक डॉ राकेश गुप्ता की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान दी गई। डॉ. गुप्ता ने उपायुक्तों के साथ विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की।

बैठक में पीएनडीटी, एमटीपी व पॉक्सो एक्ट तथा सीएम विंडो, सोशल मीडिया ग्रीवेंस ट्रेकर, हरियाणा विजन जीरो, अंत्योदय सरल प्रोजेक्ट व सक्षम हरियाणा की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि वर्ष 2014 में 1000 लड़कों पर लड़कियों की संख्या 871, 2015 में 876, 2016 में 900, 2017-18 में 914 थी जबकि जून, 2019 तक यह संख्या 918 है। डॉ राकेश गुप्ता ने बेटियों को बचाने के लिए किए गए बेहतर प्रदर्शन के लिए पंचकूला, हिसार, यमुनानगर, नारनौल और अंबाला जिला प्रशासन की सराहना की।

इसके अलावा उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएनडीटी, एमटीपी व पॉक्सो एक्ट में जहां-जहां त्रुटियां है, उन्हें दूर किया जाए और तत्परता से कार्य करें। डॉ गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग को लिंगानुपात में और अधिक सुधार लाने के निर्देश दिए।

छापामारी अभियान में तेजी लाई जाए। लिंगानुपात की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग को एक टीम के रूप में ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लिंग जांच व कन्या भ्रूण हत्या में शामिल लोग किसी भी सूरत में बचने न पाएं।

माइग्रेन

दिन में तीन कप कॉफी बढ़ा सकती है माइग्रेन का खतरा (Dainik Tribune: 20190809)

https://www.dainiktribuneonline.com/2019/08/%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%a4%e0%a5%80%e0%a4%a8-%e0%a4%95%e0%a4%aa-%e0%a4%95%e0%a5%89%e0%a4%ab%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%a2%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%95/

अभी तक ऐसा माना जाता था कि सिरदर्द की शिकायत होने पर कॉफी पीने से राहत मिलती है, लेकिन एक अध्ययन में दावा किया गया है कि अधिक कॉफी पीना भी माइग्रेन का कारण बन सकता है। 'अमेरिकन जर्नल ऑफ मेडिसिन' में प्रकाशित एक अध्ययन में दावा किया गया कि दिन में तीन कप या इससे अधिक कॉफी पीने से माइग्रेन का खतरा बढ़ सकता है। इस अध्ययन के तहत माइग्रेन और कैफीन युक्त पेय पदार्थों के बीच संबंध का आकलन किया गया। अमेरिका स्थित 'बेथ इजराइल डेकोनेस मेडिकल सेंटर' के अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि विश्वभर में एक अरब से अधिक वयस्क इस बीमारी से पीड़ित हैं और यह दुनिया में तीसरे नंबर की ऐसी बीमारी है जिससे सर्वाधिक लोग पीड़ित हैं। 'हार्वर्ड टी एच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ' के एलिजाबेथ मोस्तोफस्की के नेतृत्व में अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि जिन लोगों को कभी-कभी माइग्रेन की शिकायत होती है, उन्हें एक या दो बार कैफीन युक्त पेय पदार्थ लेने से उस दिन सिर दर्द नहीं हुआ लेकिन तीन कप या इससे अधिक

कॉफी लेने से उस दिन या उससे अगले दिन उन्हें सिर दर्द हुआ। मोस्तोफस्की ने कहा, 'हालांकि नींद पूरी नहीं होने समेत कई अन्य कारणों से भी माइग्रेन का खतरा बढ़ सकता है है, लेकिन कैफीन की भूमिका विशेष रूप से जटिल है क्योंकि एक तरफ तो यह इसका खतरा बढ़ाती है, दूसरी तरफ यह इसके नियंत्रण में भी मददगार है।

डायबिटीज

डायबिटीज का पहला इलाज, करना होगा जीवनशैली में थोड़ा बदलाव (Dainik Jagran: 20190809)

https://www.jagran.com/uttar-pradesh/agra-city-change-your-life-style-for-control-of-diabetes-19474547.html

आजकल खानपान बदल गया और जीवनशैली बदल गई। ऐसे में खुद पर थोड़ा कंट्रोल कर नियंत्रित कर सकते हैं मधुमेह।

आगरा, जेएनएन। डायबिटीज (मधुमेह) के मरीजों का पहला इलाज जीवनशैली में बदलाव है, इसके बाद भी शुगर का स्तर नियंत्रित नहीं होता है तो दवाएं दी जाती हैं। इसमें भी तमाम तरह की दवाएं उपलब्ध हैं। दैनिक जागरण के हेलो डॉक्टर कार्यक्रम में गुरुवार को फिजीशियन डॉ. बीके अग्रवाल ने पाठकों के सवालों के जवाब दिए।

सवाल : शुगर का स्तर 285 है, क्या ताउम्र दवाएं लेनी होंगी?

जवाब : डायबिटीज का पहला इलाज जीवनशैली में बदलाव है। शुगर का स्तर अधिक होने पर वजन कम करने, मीठे का सेवन बंद करने और 30 से 45 मिनट तक तेज टहलने के लिए कहा जाता है, इससे तमाम मरीजों में शुगर का स्तर सामान्य हो जाता है। जिन मरीजों में जीवनशैली में बदलाव के बाद भी शुगर का स्तर नियंत्रित नहीं हो रहा है, उन्हें दवाएं दी जाती हैं।

सवाल : ग्लूकोमीटर और लैब में शुगर का स्तर जांच कराने में अंतर क्यों आता है?

जवाब : ग्लूकोमीटर से कैपेलरी के ब्लड की जांच होती है और लैब में वेन से ब्लड लिया जाता है। इसलिए दोनों में 10 से 15 फीसद का अंतर होता है, लेकिन खाली पेट की जांच एक जैसी होती है। लैब की जांच को सही माना जाता है।

सवाल: 59 साल उम्र है, वायरल बुखार है, 10 दिन हो गए हैं।

जवाब : इस मौसम में वायरल बुखार फैल रहा है, यह सात से 10 दिन तक रह सकता है। तीन दिन में बुखार कम न होने पर डॉक्टर से परामर्श ले लेना चाहिए, यह बुखार मलेरिया, टाइफाइड का भी हो सकता है। इस समय हेपेटाइटिस भी फैल रहा है।

सवाल : 80 साल उम्र है, पेशाब करने में समस्या आ रही है। बार बार पेशाब आता है।

जवाब : इस उम्र में प्रोस्टेट की समस्या आम होती है, इसकी जांच करा लें, मधुमेह के कारण भी बार-बार पेशाब आने की समस्या हो सकती है, कई बार किडनी में इन्फेक्शन से भी इस तरह की समस्या होती है।

सवाल : मधुमेह में किस तरह की दवाएं लेनी चाहिए, क्या इंसुलिन ले सकते हैं।

जवाब : मधुमेह दो तरह का होता है, 10 में से नौ मधुमेह रोगियों को टाइप टू डायबिटीज होती है, इसमें इंसुलिन बनती है, लेकिन काम नहीं करती है। टाइप वन में बीटा सेल से इंसुलिन नहीं बनती है। यह जन्मजात होती है, इसमें इंसुलिन दिए जाते हैं। गर्भवती महिला, ऑपरेशन सहित कुछ केस में इंसुलिन को प्राथमिकता दी जाती है, इससे कोई परेशानी नहीं होती है।

सवाल : बेटे की उम्र 10 साल है और शुगर का स्तर नियंत्रित नहीं हो रहा है ।

जवाब : यह टाइप वन डायबिटीज का लेट ऑनसेट है, इस तरह के केस में इंसुलिन देनी पड़ती है।

सवाल : एलर्जी रहती है, सांस लेने में समस्या होती है।

जवाब : यह सामान्य एलर्जी के लक्षण हैं, लेकिन सांस लेने में समस्या होने के साथ जकडऩ है तो अस्थमा हो सकता है।

जीवनशैली में बदलाव से 58 फीसद की शुगर कंट्रोल

एक रिपोर्ट के अनुसार शुगर का स्तर सामान्य से अधिक होने पर जीवनशैली में बदलाव, वजन कम, नियमित व्यायाम, योगा और मीठा न खाने से 58 फीसद लोगों का शुगर का स्तर नियंत्रित हो जाता है। 38 फीसद को दवाएं लेने की जरूरत होती है।

मधुमेह रोगियों में शुगर का स्तर कम होना घातक

मधुमेह रोगियों को डॉक्टर के परामर्श से ही दवाएं लेनी चाहिए, कुछ दवाएं ऐसी हैं जिनसे शुगर का स्तर नीचे चला जाता है, यह 65 साल से अधिक उम्र के मरीजों के लिए घातक हो सकता है। इन मरीजों में शुगर का स्तर नियंत्रित करने वाली सामान्य दवाएं दी जाती हैं। इसी तरह से इंसुलिन भी कई तरह की उपलब्ध हैं, ये चार घंटे से लेकर 45 घंटे तक काम करते हैं।

शुगर का सामान्य स्तर

खाली पेट - 80 से 120 के बीच

खाना खाने के दो घंटे बाद - 140 से 180 के बीच

Indians diabetic since 11,000 years: Study (The Indian Express: 20190809)

https://indianexpress.com/article/india/indians-diabetic-since-11000-years-study-5890125/lite/

Also around Mesolithic period, height of South Asian population fell by 7.7- 8.5cm.

Archaeologists believe that it was around the Mesolithic period, about 7,000 years ago, when humans were going through a transition from being hunter gatherers to cultivators. (Representational Image)

The South Asian population, including Indians, have been showing symptoms of diabetes for at least 11,000 years now. Besides, the stature of this population began to reduce and since 7,000 years, has fallen by 8.5 cm among males and by 7.7 cm among females, a new study has found.

While India may be infamous for being the diabetes capital of the world, a joint study — undertaken by Pune-based Deccan College Postgraduate and Research Institute, Departments of Archaeology at University of Cambridge, UK, and Max Planck Institute, Germany — has traced origins of this disease to the Mesolithic period. That is the time when, according to researchers, the lean mass of the South Asian population began to dip, making their bodies more susceptible to type-2 diabetes in comparison to their western counterparts.

“Lower lean mass, as several studies have proven, is associated with poorer control of blood glucose and greater susceptibility to the condition (diabetes, in this case),” Emma Pomeroy from University of Cambridge, told The Indian Express, in an email reply.

Importantly, the study, titled ‘Ancient origins of low lean mass among South Asians and implications for modern type-2 diabetes susceptibility’ published in Nature Scientific Reports, also found that the South Asian population began growing shorter in height than the Europeans due to major dietary and environment changes which began to occur around 7,000 years ago.

“While the bone length to the joint areas were found to be proportionate among the South Asian population, what we found was that the length of some of the key bones, femur (thigh bone) and lower limbs began to reduce since the Mesolithic period,” said Veena Mushrif Tripathy from Deccan College and Post Graduate Research Institute.

Archaeologists believe that it was around the Mesolithic period, about 7,000 years ago, when humans were going through a transition from being hunter gatherers to cultivators.

“As man started cultivating and got deeply involved in agriculture activities, this population settled at one place in large numbers. This group eventually stopped migrating in lookout for food…It then resulted in the population to switch to consuming cultivated foods, that were richer in carbohydrates than proteins, which was in complete contrast to the hunter-gatherers ancestors,” explained Tripathy.

कम नींद

5 घंटे से कम नींद लेना बना सकता है आपको कई गंभीर बीमारियों का शिकार (Dainik Jagran: 20190809)

https://www.jagran.com/lifestyle/health-good-sleep-prevents-many-health-problems-19472115.html

5 घंटे से कम नींद लेना कई सारी बीमारियों को दावत देने के समान है। हाई बीपी टाइप 2 डायबिटीज हार्ट अटैक डिप्रेशन अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी बीमारियां पैदा कर सकता है।

आपने महसूस किया होगा कि जिस दिन किन्हीं कारणों से आप रात भर सो नहीं पाते, तो अगले दिन शाराीरिक व मानसिक रूप से चुस्ती-फुर्ती और सजगता महसूस नहीं करते। अनेक लोग थका हुआ महसूस करते हैं। अब जरा उन लोगों के बारे में सोचें, जो नींद न आने की पुरानी समस्या (क्रॉनिक इंसोमिया) से ग्रस्त हैं। ऐसे लोगों को सजग हो जाना चाहिए। नींद न आने की पुरानी समस्या से ग्रस्त लोगों को उन कारणों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। जिनके चलते उन्हें एक अर्से से अच्छी तरह से नींद नहीं आ रही है। इस संदर्भ में बीते दिनों अमेरिका स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट आन एजिंग और पेंसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिसन में अध्ययन भी हुए।

अध्ययन के निष्कर्ष

नेशनल इंस्टीट्यूट आन एजिंग के अध्ययन के अनुसार अनिद्रा की पुरानी समस्या कालांतर में हाई ब्लड प्रेशर, टाइप 2 डायबिटीज, हार्ट अटैक, अवसाद (डिप्रेशन), एंग्जाइटी, अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी बीमारियां उत्पन्न कर सकती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ने अपने अध्ययन के अंतर्गत 65 साल और इससे अधिक उम्र वाले 9000 लोगों को शामिल किया गया। इन लोगों में आधे से अधिक लोगों ने बताया कि उन्हें रात में अच्छी तरह नींद नहीं आयी। ऐसे लोगों ने सुबह उठकर थकान महसूस की। इसके विपरीत जिन लोगों ने छह से सात घंटे की सुहानी नींद पूरी की,उन्होंने सुबह स्वयं को तरोताजा और ऊर्जावान महूसस किया।

वहीं पेंसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी के अध्ययन के अनुसार जिन लोगों ने पांच घंटे से कम की नींद ली, उनमें पांच से छह घंटे की नींद लेने वालों की तुलना में हाई ब्लड से ग्रस्त होने का खतरा पांच गुना अधिक पाया गया। इसी तरह जिन लोगों ने नियमित रूप से छह घंटे या इससे अधिक घंटे की नींद ली, उनमें हाई ब्लड प्रेशर की समस्या कम पायी गई। पांच घंटे से कम नींद लेने वालों में डायबिटीज डीमेंशिया(याददाश्त का क्षीण हो जाना)आदि समस्याओं का खतरा अधिक होता है।

कारणों को समझें

मौजूदा संदर्भ में यह बात जानना जरूरी है कि अनिद्रा का आशय रातभर जागना नहीं है। अनिद्रा से आशय रात में नींद का कई बार बाधित होना और पांच घंटे से कम नींद लेना है या गहरी नींद न आने से है। अनिद्रा के कई कारण हैं, जिनका पीड़ित व्यक्ति द्वारा पहचानकर विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श लेकर इलाज करवाना जरूरी है। लंबे समय से चली आ रही बीमारी के कारण भी अनिद्रा की समस्या हो सकती है। रात में कई बार पेशाब करने की समस्या के कारण भी अनेक लोग अनिद्रा से ग्रस्त हो जाते हैं। किसी तरह का दर्द और मानसिक व भावनात्मक रूप से परेशान होने के कारण भी क्रॉनिक अनिद्रा की समस्या उत्पन्न हो सकती है। हार्मोन का प्रभाव तनाव और स्ट्रेस के प्रति आपका शरीर कैसी

प्रतिक्रिया व्यक्त करता है, यह बात भी अनिद्रा के संदर्भ में मायने रखती है। तनाव की मनोदशा में कुछ हॉर्मोन जैसे कॉर्टीसोल आदि प्रवाहित होते हैं। ये हार्मोन अनिद्रा की स्थिति उत्पन्न करते हैं।

हार्ट अटैक और कार्डीऐक अरेस्ट

Heart Attack और Cardiac Arrest में क्या है अंतर? (Dainik Jagran: 20190809)

https://www.jagran.com/lifestyle/health-what-is-the-major-difference-between-heart-attack-and-cardiac-arrest-19472385.html

दिल की बीमारियों में हार्ट अटैक और कार्डीऐक अरेस्ट से सबसे ज्यादा लोगों की मौतें होती हैं। कई लोगों को इन दोनों में अंतर नहीं पता होता और वह इन्हें एक ही बीमारी मानते हैं।

नई दिल्ली, जेएनएन। Difference Between Heart Attack And Cardiac Arrest: रोज़मर्रा की भागती दौड़ती ज़िंदगी में लगभग सभी स्ट्रेस और तनाव से जूझते हैं। इसी वजह से पिछले कुछ समय से दिल की बीमारियों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। पहले दिल से जुड़ी बीमारियां सिर्फ बुज़ुर्गों में ही देखी जाती थी, लेकिन अब 22 साल के बच्चों में भी यह आम हो गई है।

दिल की बीमारियों में हार्ट अटैक और कार्डीऐक अरेस्ट से सबसे ज्यादा लोगों की मौतें होती हैं। कई लोगों को इन दोनों में अंतर की जानकारी नहीं होती और वह इन दोनों को एक ही बीमारी मानते हैं। इन दोनों में अंतर जानने के लिए यह भी जानना ज़रूरी है कि इनके होने पर शरीर में किस तरह का असर पड़ता है।

क्या होता है हार्ट अटैक?

दिल का दौरा तब होता है जब कोरोनरी धमनियों में रुकावट पैदा हो जाती है। यह रक्त वाहिकाएं हैं जो हृदय की मांसपेशी तक खून को पहुंचाती हैं। क्योंकि दिल एक मांसपेशी है, इसलिए इसे अपना काम करने के लिए ऑक्सीजन युक्त रक्त की ज़रूरत होती है। कोरोनरी धमनियों में रुकावट की वजह से हार्ट अटैक आता है क्योंकि मांसपेशी तक खून नहीं पहुंच पाता है। अगर रुकी हुई कोरोनरी धमनियों को जल्दी से नहीं खोला जाता है, तो दिल की मांसपेशियां मरने लगती हैं।

हार्ट अटैक के बाद क्या होता है?

दिल का दौरा पड़ने की स्थिति में, आपको सीने में जकड़न, जलन, दबाव और दर्द के साथ-साथ अत्यधिक दर्द भी होता है। व्यक्ति को बाएं कंधे और बाएं हाथ सहित शरीर के ऊपरी-बाएं क्षेत्रों में दर्द का अनुभव हो सकता है। कार्डीऐक अरेस्ट की तरह आमतौर पर हार्ट अटैक में दिल धड़कना नहीं बंद होता।

क्या होता है कार्डीऐक अरेस्ट?

कार्डीऐक अरेस्ट तब होता है जब दिल पूरी तरह से धड़कना बंद कर देता है। यह दिल में एक इलेक्ट्रिक खराबी से शुरू होता है, जिसकी वजह से दिल की धड़कने अनियमित हो जाती हैं। इन दोनों के बीच प्राथमिक अंतर यही है, दिल के दौरे के मामले में, हृदय धड़कता रहता है, भले ही हृदय की मांसपेशी को खून न मिल रहा हो। हो।

कार्डीऐक अरेस्ट के बाद क्या होता है?

क्योंकि दिल धड़कना बंद कर देता है, जिसकी वजह से इंसान बेहोश हो जाता है, सांस नहीं ले पाता और ना ही पल्स होती हैं। कार्डिएक अरेस्ट होने पर अगर फौरन इलाज न हो तो कुछ ही मिनटों में मौत हो जाती है।

Smoking (Hindustan: 20190809)

http://epaper.livehindustan.com/imageview_181183_71465486_4_1_09-08-2019_i_15.pagezoomsinwindows.php

पान मसाला में 40 तरह के जानलेवा रसायन

हिन्दुस्तान नेटवर्क

कानपुर | अभिषेक गुप्ता

गुटखा पर भले ही देशभर में रोक लग गई हो पर बाजार में आया सादा पान मसाला भी कम खतरनाक नहीं है। पान मसाले की एक छोटी सी पुड़िया में 40 तरह के खतरनाक केमिकल मिलाए जा रहे हैं।

देश के 10 बड़े पान मसाला ब्रांड्स की जांच में निष्कर्ष आया है कि यह पहले से भी ज्यादा घातक हो गया है। इनमें से सात ब्रांड कानपुर के या यहां से जुड़े हैं। लोगों को इसके स्वाद का लती बनाने को मैग्नीशियम कार्बोनेट को दस गुना तक ज्यादा मिलाया जा रहा है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ करंट फार्मा के रिसर्च में यह खौफनाक तस्वीर सामने आई है।

40 से बन जाते 3096 केमिकल

एक पुड़िया में मिलने वाले चालीस केमिकल आपस में प्रतिक्रिया करके 3096 से ज्यादा केमिकल बना लेते हैं। यही हानिकारक तत्व मिलकर हमारे मुंह की सुरक्षा परत को ध्वस्त कर कैंसर को जन्म दे रहे हैं।

70 से ज्यादा नामी-गिरामी ब्रांड वर्तमान में

16 हजार करोड़ का देशभर में है कारोबार

10 गुना ज्यादा मिला रहे मैग्नीशियम कार्बोनेट

- इंटरनेशनल जर्नल ऑफ करंट फार्मा रिसर्च में आई खौफनाक तस्वीर
- लोगों को लती बनाने के लिए मिलाया जा रहा है मैग्नीशियम कार्बोनेट

नपुंसकता का खतरा

खतरनाक केमिकल से बने पान मसाले पुरुषों को नपुंसक तक बना रहे हैं। उच्च रक्तचाप, हृदयगति तेज होना, दिल का दौरा, घबराहट, चक्कर और छाती के दर्द का कारक भी पान मसाला है।

ये हानिकारक केमिकल

- अनडाइल्यूट हाइड्रोक्लोरिक एसिड
- टोटल एश, एश इन्सॉल्यूबल
- मैग्नीशियम कार्बोनेट, गैम्बियर
- टोबेको स्पेसिफिक एन नाइट्रोसेमाइन्स
- सीसा और तांबा जैसी भारी धातुएं

(इन तत्वों का पान मसाले में प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। रही-सही कसर सुपारी, चूना, नकली कत्था, आर्टिफिशयल फ्लेवरिंग एजेंट्स जैसे केमिकल ने पूरी कर दी है।)

लगातार बढ़ रहे कैंसर के रोगी

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में हर साल कैंसर के मरीज बढ़ रहे हैं। इनकी संख्या साल 2016 में 14 लाख 51 हजार, 2017 में 15 लाख 17 हजार, 2018 में 15 लाख 86 हजार हो गई। अधिकांश लोगों में कैंसर का कारण पान मसाला ही है।

पान मसाला में घातक केमिकल मुंह के अंदर कोमल त्वचा पर खतरनाक प्रभाव डालते हैं। किसी में जल्दी तो किसी में कुछ वर्षों में इसका असर दिखता है। कत्थे के रूप में मिलाया जाने वाला गैम्बियर सबसे घातक है। - **प्रो. एके दीक्षित**, पूर्व निदेशक जेके कैंसर संस्थान

Smoking (Navbharat Times:20190809)

http://epaper.navbharattimes.com/details/51581-67635-1.html

स्मोकिंग छोड़ चुके हैं? अभी भी है कैंसर का डर

■ **प्रस, नई दिल्ली :** हरियाणा के 60 साल के राम मेहर कई सालों से स्मोकिंग कर रहे थे, लेकिन 15 साल पहले उन्होंने स्मोकिंग छोड़ दिया। अब उन्हें लंग्स और सांस की नली में कैंसर का पता चला है। डॉक्टर का कहना है कि स्मोकिंग छोड़ देने भर से कैंसर का खतरा खत्म नहीं होता। जिन लोगों ने सालों स्मोकिंग की है, उन्हें कई सालों बाद भी कैंसर हो सकता है। इसलिए 50 साल की उम्र के बाद हर साल अपनी चेस्ट की सीटी स्कैन जांच जरूर कराएं, ताकि बीमारी का शुरुआती चरण में पता चल सके और इलाज संभव हो।

डॉक्टरों का कहना, स्मोकिंग छोड़ने के 10-20 साल बाद भी कैंसर का खतरा बना रहता है

बीएलके सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल के कैंसर एक्सपर्ट डॉक्टर सुरेंद्र कुमार डबास ने बताया कि राम मेहर को 2004 में गले का कैंसर हुआ था। इलाज के बाद वो ठीक हो गए थे और उन्होंने स्मोकिंग छोड़ दिया था। लेकिन अब 2019 में उन्हें फिर से कैंसर हुआ है। उन्हें लंग्स और सांस की नली में प्राइमरी स्तर पर कैंसर का पता चला है। कीमोथेरेपी और रेडिएशन की मदद से इलाज किया जा रहा है। डॉक्टर ने कहा कि अच्छी बात यह है कि वो शुरुआती लक्षण के साथ ही इलाज के लिए पहुंच गए, इसलिए इलाज का सही असर हो रहा है। डॉ. डबास ने लोगों से स्मोकिंग छोड़ने की अपील की है और कहा है कि भले ही किसी ने स्मोकिंग बंद कर दिया हो, लेकिन 10-20 साल बाद भी कैंसर का खतरा बना रहता है। लंग्स कैंसर के मामले खतरनाक रूप से बढ़ रहे हैं और इसके कारणों में तंबाकू का व्यापक इस्तेमाल है।

आमतौर पर लंग्स कैंसर का पता काफी देर से चलता है। लगभग 80 पर्सेंट बीमारी एडवांस स्टेज में ही पता चलती है, केवल 20 पर्सेंट ही शुरुआती स्टेज में इलाज के लिए पहुंच पाते हैं।

Climate Change

Agriculture, food production driving climate change: IPCC (The Indian Express: 20190809)

https://www.tribuneindia.com/news/nation/agriculture-food-production-driving-climate-change-ipcc/815018.html

Industrial, agriculture and food production are almost as big a driver of climate change as fossil fuels, the IPCC has said. Together they produce about 23 per cent of human-caused emissions, the Intergovernmental Panel on Climate Change (IPCC) stated in its Special Report on Climate Change and Land Use (SRCCL) released in Geneva today, adding that limiting climate change to well below 2°C cannot be achieved without the change in land use.

"The way we treat land can either help or harm the climate. Right now humans are driving deforestation, wiping out animals and plants at a staggering rate and speeding up the climate breakdown. Land is already under growing human pressure and climate change is adding to these pressures. At the same time, keeping global warming to well below 2°C can be achieved only by reducing greenhouse gas emissions from all sectors, including land and food," it said.

If we don't rapidly change course, we will not be able to deliver the Paris Agreement or the Sustainable Development Goals, it warned.

The report will be a key scientific input for the forthcoming climate and environment negotiations — the Conference of the Parties of the UN Convention to Combat Desertification (COP14) in New Delhi in September and the UN Framework Convention on Climate Change Conference (COP25) in Santiago, Chile, in December. The intergovernmental body of the United Nations that aims to provide the world with scientific view of climate change stated deforestation and food production are often tied together as forests are cleared for agriculture, it says.

"The global food system contributes up to 37 per cent of global greenhouse gas emissions, primarily through raising cattle and other ruminants, cultivating rice, and applying fertiliser to pastures and rangelands. Over a quarter of food is wasted or lost, producing emissions during decomposition. Addressing food waste provides an opportunity to both lower emissions and benefit global food security.

"By driving deforestation and wiping out animals and plants at a staggering rate, humans are speeding up climate breakdown," it says, outlining unique challenges climate change poses for the Earth's land surface.

"Climate impacts on land are already severe. Heat waves and droughts have become more frequent and intense in some regions, and food security has already been undermined by

affecting crop yields and livestock production, among other changes due to climate change," it adds.

Land use key to curb emissions

The UN's Intergovernmental Panel on Climate Change (IPCC) has warned that efforts to limit global warming could be wrecked without sweeping changes to how we use the land

